सेल SAIL

स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड

निगमित सामाजिक दायित्व नीति

सेल का विश्वास है कि उसकी कारोबारी गतिविधियां प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से समाज को प्रभावित करती हैं। सभी सम्बद्ध लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए तथा दीर्घकालीन विकास के लिए अपनी कटिबद्धता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से कम्पनी अपने कारोबारी मूल्यों व परिचालन गतिविधियों का पारदर्शी व नैतिक एकीकरण करने का प्रयास करती है।

कम्पनी समाज पर सार्थक प्रभाव डालने के उद्देश्य से अपने सामाजिक दायित्व, पर्यावरण तथा अर्थिक गतिविधियों में निरन्तर सुधार लाने के लिए दृढ़ संकल्प है।

मार्गदर्शी सिद्धान्त

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कम्पनी:-

- दीर्घकालीन विकास के लिए अपनी पहल व अपने लक्ष्यों में निरन्तर तालमेल बिठाते हुए जनता के जीवन में सार्थक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से समाज की भलाई के लिए उपाय करेगी।
- कारोबार और जनता से सम्बद्ध सभी कार्यों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अपनी निष्ठा बनाए रखेगी।
- अपूर्ति के सभी चरणों में नैतिक कारोबारी प्रणालियां बनाए रखेगी।
- पर्यावरण पर अच्छा प्रभाव डालेगी और पर्यावरण बेहतर बनाने की प्रणालियों को प्रोत्साहन देगी।
- सम्पूर्ण कारोबारी परिचालन में बराबर अवसर उपलब्ध कराने व कर्मी दल में विविधता लाने को प्रोत्साहन देगी।